तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 24 जून 2024

11 ग्रामीण ट्यूबवेल जलकर्मी संघ सरकार के विरोध में उतरा

12 गुरु हरगोबिंद के प्रकाशोत्सव पर गुरमत समागम का आयोजन

खबर संक्षेप

अश्लील वीडियो भेजने के आरोप में मामला दर्ज

कैथल। राजौंद पुलिस ने एक महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो भेज कर उसे बदनाम करने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजौंद पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 जनवरी 2024 से लेकर 25 अप्रैल 2024 तक एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील वीडियो भेज कर उसे समाज में बदनाम करने का काम किया। मामले के जांच अधिकारी राजौंद थाना पुलिस के इंस्पेक्टर इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

महिला को ब्लैकमेल कर किया यौन शोषण

जींद। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शिवपुरी कालोनी निवासी अनूप ने उसे झांसे में ले लिया और उसे नरवाना रोड के होटल में ले जा कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद अनूप ने उसे ब्लैकमेल कर उसका यौन शोषण करना शुरू कर दिया। जब भी वह अनूप का विरोध करती तो वह बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देता। आरोपित पिछले डेढ़ साल से उसका यौन शोषण करता आ रहा है। महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पति को अपने घर बुलाकर पिटवाया, तीन नामजद

जींद। गांव मुआना में पति को कार्ड देने के बहाने घर बुलाकर परिजनों के साथ मिल कर मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बौंद निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी पूनम ने उसे हैप्पी कार्ड देने के बहाने अपने मायके बुलाया था। जब पूनम के घर पहुंचा तो उसने उसके गले में चुन्नी डाल दी और सोनू तथा दीपक ने उसके साथ मारपीट की। बचाव में शोर मचाए जाने पर पड़ोसियों ने उसे तीनों की चंगुल से छुडाया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर उसकी पत्नी पूनम, सोनू तथा दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेलवे प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

जींद। रेलवे प्लेटफार्म नंबर तीन पर रविवार को एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक साधु की वेशभूषा में था। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। रविवार सुबह जीआरपी को सूचना मिली कि जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद जीआरपी तुरंत मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की उम्र लगभग 70 साल है और वह साधु की वेशभूषा में था। मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

जनवरी से दिसंबर 2023 तक हुआ था सर्वे

टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोगी 19 पंचायतें होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्र सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्रामीण अंचल में निर्धारित पैरामीटर पर खरा उतरने वाली 19 ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा इन ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को 24 जून को लघु सचिवालय कान्फ्रेंस हाल में स्मृति चिह्न और प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित करेंगे।

जनवरी से दिसंबर 2023 तक हुआ सर्वे

जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक के दौरान किए गए सर्वे में यह भी पाया गया कि गांव दातासिंह वाला, खरक गादिया, मालासरी खेड़ा, बहबलपुर, रामराये खेड़ा, लखमीरवाला में टीबी बीमारी का एक बीमारी नहीं मिला था।

ये 19 गांव खरे उतरे निर्धारित पैरामीटर पर : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल व डिप्टी सीएमओ (टीबी प्रभारी) डा. पालेराम ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गांवों के लिए कुछ पैरामीटर निर्धारित किए हुए थे। इन पैरामीटर पूरा उतरने वाली पंचायतों को 24 जून को डीसी मोहम्मद इमरान रजा द्वारा प्रोत्साहन के तौर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे 19 गांव हैं जो भारत सरकार द्वारा करवाए गए सर्वे में सभी पैरामीटर पर खरे पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक की समयावधि निर्धारित की गई थी। जिला के उझाना ब्लॉक से गांव नारायणगढ़, दाता सिंह वाला, रेवर, नरवाना ब्लॉक से गांव खानपुर, उचाना ब्लॉक से गांव तारखा, उदयपुर और नचार खेड़ा, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक से गांव खरक गादिया, मालसरीखेड़ा और लुदाना, सफीदो ब्लॉक से गांव जयपुर और रजानाखुर्द, जुलाना ब्लॉक से गांव बूढ़ाखेड़ा लाठर, भगता खेड़ा, बहबलपुर, किशनपुरा और पडाना तथा जींद ब्लॉक से गांव रामराये खेड़ा और लखमीरवाला शामिल हैं।

सीएमओ डा. गोपाल गोयल

पैरामीटर पर खरी उतरी पंचायतों को आज किया जाएगा सम्मानित

डीसी मोहम्मद इमरान रजा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि ग्रामीण अंचल के लिए चलाए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सर्वे में जिला के 19 गांव निर्धारित पैरामीटर पर खरे पाए गए थे। इन सभी ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन के तौर पर सम्मानित किया जाएगा। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र भेंट किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने ये पैरामीटर किए थे निर्धारित

ग्रामीण अंचल के लिए चलाए गए टीबी मुक्त भारत अभियान के जो पैरामीटर निर्धारित किए गए थे उनमें एक हजार की आबादी पर कम से कम 30 प्रतिशत लोगों के टीबी टेस्ट हुए हुए हों। 1000 की आबादी पर एक या एक भी टीबी का मरीज नही मिला हो। इलाज का सक्सेस रेट 85 प्रतिशत रहा हो। बलगम टीबी से संबंधित मरीज का 60 प्रतिशत सीबीनेट टेस्ट हुआ हो। इस टेस्ट से यह पता चलता है कि बलगम से संबंधित मरीज पर कौन सी दवाई काम करती है। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना के तहत सभी मरीजों को सही पोषण के लिए 500 रुपये प्रतिमाह मिले हों और और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सभी मरीज किसी न किसी ग्रामीण द्वारा गोद लिए हो। जिसमें गोद लेने वाले व्यक्ति द्वारा मरीज को उपचार के दौरान पोषण किट जाती है।

28 जून को लगेगी पहली मेरिट लिस्ट : अनिल गोयल

आईटीआई में एडमिशन के लिए बचे दो दिन, छह गुणा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- छात्रों के लिए इलेक्ट्रीशियन ट्रेड पहली पसंद बनी 2351 मिले आवेदन

तकनीकी कौशल में महारत हासिल करने के लिए आईटीआई में एडमिशन को लेकर दो दिन बचे हैं। इस बार आईटीआई में दाखिले को लेकर मारामारी होगी। आईटीआई में निर्धारित सीटों से पांच से छह गुणा तक आवेदन आ गए हैं।

ऐसे में दाखिले को लेकर मेरिट लिस्ट काफी ऊंची जाएगी। इस बार छात्रों के लिए इलेक्ट्रीशियन ट्रेड पहली पसंद बनी हुई है। इसके बाद कंप्यूटर आप्रेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व फिर वायरमैन तथा फिटर छात्रों की पसंद बनी हुई है। राजकीय आईटीआई के प्राचार्य अनिल गोयल ने बताया कि 28 जून को पहली मेरिट लिस्ट लगेगी और उसकी फिजिकल वेरिफिकेशन कर सीट अलॉट की जाएगी। 28 से तीन जुलाई तक छात्र फीस भर सकेगा। इसके बाद रिक्त सीटों की जानकारी चार जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। चार से छह जुलाई तक आवेदक दाखिला प्रक्रिया में भाग लेगा। नौ जुलाई को मेरिट के आधार पर सीट अलॉट होगी।

जींद। आईटीआई का भवन। फोटो : हरिभूमि

जिले की कुल 16 आईटीआई में 5244 सीटें

जिले भर में सरकारी और निजी आइटीआई में 5244 के करीब सीटें हैं। जिनमें सरकारी आइटीआई की 2688 और प्राइवेट आइटीआई की 2556 सीटें शामिल हैं। दसवीं में करीब 19 हजार और 12वीं में 17 हजार से 'यादा विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। सात जून से दाखिला प्रक्रिया जारी है और 21 जून अंतिम तिथि थी। भारी संख्या में आवेदन आने के चलते निदेशालय ने दाखिले को लेकर चार दिन और बढ़ा दिए हैं। अब छात्र तकनीकी शिक्षा में महारत हासिल करने के लिए 25 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

23 जुलाई तक फीस भरी जा सकेगी

नौ से 13 जुलाई तक दाखिला की फीस भरी जा सकेगी। तीसरे राउंड में रिक्त सीटों की जानकारी 14 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। 14 से 16 जुलाई तक पोर्टल ओपन होगा। इसके बाद 18 जुलाई को मेरिट के आधार पर सीट अलॉट होगी। 18 से 23 जुलाई तक फीस भरी जा सकेगी।

जींद आईटीआई आवेदन मामले में चौथे स्थान पर

प्रदेशभर में जींद की राजकीय आईटीआई दाखिला आवेदन के मामले में चौथे स्थान पर है। 10887 दाखिला आवेदन के साथ राजकीय आईटीआई कैथल प्रथम, हिसार आईटीआई 10609 आवेदन के साथ दूसरे, 10443 आवेदन के साथ भिवानी आईटीआई तृतीय स्थान पर है। 7955 आवेदन के साथ यमुनानगर की आईटीआई पांचवें स्थान पर है।

ट्रेड के अनुसार आवेदन

ट्रेड	आवेदन
इलेक्ट्रीशियन	2351
कंप्यूटर आप्रेटर	1195
वायरमेन	1124
फिटर	811
स्टैनोग्राफर हिंदी	477
मैकेनिक डीजल	453
रेफ्रिजरेटर/एसी	446
स्टैनोग्राफर इंग्लिश	439
इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक	428
मैकेनिक मोटर व्हीकल	423
पलम्बर	389
ड्राफ्ट्समैन (सिविल)	303
मशीनिस्ट	238
टर्नर	177
ड्राफ्टसमैन (मैकेनिकल)	171
वैल्डर डयूअल	154
मैकेनिक ट्रैक्टर	136
तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन	116
ड्रेस मेकिंग	100
पेंटर जनरल	96
फिटर डयूल एच	88
मैकेनिकट डीजल डयूल	69
वुड वर्क तकनीशियन	63
स्यूइंग टैक्नोलॉजी	62
जियो इन्फोटिक्स	52
कुल	10361

गलत लेन में चलने पर 71 वाहन चालकों के चालान

- ट्रैफिक पुलिस ने बाई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने हेतु गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस द्वारा चालकों को जागरुक किया गया, वहीं पर लाइन चेंज के 71 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

एसपी उपासना द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन के लिए वाहन चालकों को जागरूक करने के पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरुक किया गया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में चले, रॉन्ग साइड में तथा अंडर एज वाले चालक वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसपी उपासना ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जब भी हाईवे या सड़क पर चलाएं तो अपने वाहन को निर्धारित गति में अपनी लेन में ही चलाएं। इससे हादसा होने की संभावना न के बराबर रहती है। अक्सर देखने में आता है कि चालक अपने व्हीकल को एक लाइन से दूसरी लेन में अचानक ले जाते हैं। यह बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। दूसरे वाहन उनसे टकराने की संभावना रहती है। ऐसा करके वह न केवल अपनी बल्कि दूसरे लोगों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। यदि किसी वाहन को ओवरटेक करके दूसरी लेन में जाना भी पड़ जाए तो आगे निकलते ही तुरंत अपनी लेन में आ जाएं।

कैथल। वाहन चालकों के चालान करती पुलिस

ट्रेन की चपेट में आने से रेलवेकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे जंक्शन पर रविवार सुबह एक रेल कर्मचारी चढ़ते समय ट्रेन की चपेट में आ गयाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। रविवार सुबह करीब आठ बजे शहर की लोको कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय रामेश्वर शकुर बस्ती में डयूटी करने के लिए जींद जंक्शन से ट्रेन में सवार हो रहा था। जैसे ही वह ट्रेन में सवार होने लगा तो वह नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौक पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि रामेश्वर दिल्ली के शकुरबस्ती रेलवे स्टेशन पर कांटेवाला पद पर कार्यरत था और वह रविवार को अपनी ड्यूटी पर जाने की कहकर घर से निकला था लेकिन वह सवार होते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में इत्तफाकिया कार्रवाई कर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

दर्जनभर गांवों की फिरणियां होंगी पक्की : रामनिवास

नरवाना। नरवाना हलके के गांव के चारों ओर के रास्ते यानी फिरणियों के निर्माण के लिए विधायक रामनिवास ने बीते महीनों में काफी सक्रियता दिखाई थी जिसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा नरवाना हल्के के लगभग एक दर्जन गांवों की फिरणियों के निर्माण को लेकर मंजूरी दी गई थी जिसमें गांव बिधराना की 55 लाख 39 हजार रुपए, फरैण कलां 22 लाख 35 हजार रुपए, फरैण खुर्द 56 लाख 45 हजार रुप, हथो 55 लाख 73 हजार रुपए, ईस्माइलपुर 69 लाख 64 हजार रुपए, जुलेहड़ा 22 लाख 88 हजार रुपए, कलौदा खुर्द 68 लाख 24 हजार रुपए, कान्हा खेड़ा 50 लाख 32 हजार रुपए, कर्मगढ़ 01 करोड़ 42 लाख 30 हजार रुपए, खरड़वाल 44 लाख 27 हजार रुपए, सिंगवाल 60 लाख 16 हजार रुपए, सिंसर 70 लाख 60 हजार रुपए व सुलेहड़ा 1 करोड़ 21 लाख 3 हजार रुपए की लागत से पक्की की जाएगी। विधायक ने कहा कि इन सभी गांव में कुल मिलाकर 08 करोड़ 39 लाख 36 हजार रुपए फिरणी निर्माण में खर्च होंगे। इन सभी कामों की टेंडर प्रक्त्रिया बाकी है परन्तु विभाग द्वारा जल्द ही इनके टेंडर लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की तैयारी जोरों से है।

रोडवेजकर्मी 26 को करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- सरकार तानाशाही रवैया छोड़ रोडवेज कर्मियों की मांगें जल्द पूरी करे

संदीप रंगा, राज्य उप प्रधान, कर्मचारी संघ

रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान आजाद गिल, महासचिव जगदीप लाठर, प्रदेश प्रवक्ता, राज्य उप प्रधान संदीप रंगा ने कहा कि हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी 26 जून को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सामूहिक भूख हड़ताल करेंगे। क्योंकि जब से हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनी है तब से अफसरशाही का राज है।

उच्च अधिकारी न तो सरकार की प्रवाह करते हैं और ना ही सरकार द्वारा यूनियन से वार्ता में मांनी हुई मांगों को लागू करते हैं ना ही सरकारी कर्मचारियों के हित की कोई बात करते हैं। 2014 में जब हरियाणा सरकार बनी थी तभी इन आला अधिकारियों ने तानाशाही रवैया बनाना शुरू कर दिया था। पूरे हरियाणा में दिवाली बड़े धूमधाम से मनाई गई थी। क्योंकि उस समय भाजपा की सरकार नई-नई बनी थी। सभी को इस सरकार से बहुत उम्मीदें थी। रोडवेज के कर्मचारियों की दिवाली फीकी मनी थी। क्योंकि भाजपा सरकार ने अपनी सरकार बनने की खुशी में रोडवेज कर्मचारियों को दिवाली का बोनस ही नही दिया था। जबकि 2013 में जब रोडवेज कर्मचारियों ने कांग्रेस सरकार की प्राइवेट पॉलिसी के खिलाफ तीन दिन की हड़ताल की थी। तब बीजेपी के आला नेताओं ने व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने भी रोडवेज कर्मचारियों का समर्थन किया था और प्राइवेट पॉलिसी का विरोध किया था लेकिन जैसे ही सत्ता की चाबी इनके हाथ में आई सबसे पहले रोडवेज को बर्बाद करने का काम किया। सिर्फ 2015 में एक दिवाली का बोनस देकर बाकी आजतक किसी भी दिवाली पर बोनस नही दिया गया है।

उन्होंने कहा कि 2018 में रोडवेज के चालक परिचालक का ओवरटाइम टाइम बंद कर दिया गया। 2023 में ऑनलाइन के बहाने कर्मचारियों की इधर से उधर तबादला कर दिया। सरकार रोडवेज कर्मियों की मांगें सुनने की बजाए तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि विभाग के उच्च अधिकारी ही विभाग को बर्बाद करने पर तुले हुए हैं। ऐसे में सांझा मोर्चा ने पिहोवा के अंदर बैठक कर 26 जून की भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जिसमें रोडवेज का प्रत्येक कर्मचारी भाग लेगा।

जिले में तापमान पहुंचा 40 डिग्री पर, 28 जून को मानसून के दस्तक देने की संभावना

बूंदाबांदी के बाद बढ़ी उमस भरी गर्मी ने किया लोगों का जीना बेहाल

- किसान खेतों को तैयार कर धान की रोपाई करें : डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो दिन पहले हुई हलकी बारिश व बूंदाबांदी के बाद बढ़ी उमस ने आमजन को बेहाल कर दिया है। रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रहा।

हवा की गति 6 किलोगमीटर प्रति घंटा रही जबकि मौसम में आद्रता 40 प्रतिशत रही। सूर्य की तपिश तथा मौसम में बनी उमस के चलते दोपहर को शहर में हालात कर्फ्यू जैसे दिखाई दिए। सड़कें खाली रही तो बाजार में भी विरानगी छाई रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 28 जून को मानसून के दस्तक देने की संभावना है। किसान खेतों को तैयार कर धान की रोपाई करें। उमस भरी गर्मी और तपिश से आमजन पूरी तरह से परेशान है। दोपहर तक गर्मी लोगों की हालत खस्ता कर देती है। जिसके चलते सड़कों पर वाहन कम हो जाते हैं और बाजार भी सुनसान नजर आते हैं। गर्म हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी ज्यादा महसूस होती है और पसीने सूखने का नाम नही लेते। गर्म हवाओं की चपेट में आने से छोटे बच्चे तथा वृद्ध बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गर्मी का अधिकतर शिकार वृद्ध तथा छोटे बच्चे होते हैं। इसलिए परिजनों को इनका विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लोगों को सुझाव देते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को भरपूर मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। छोटे बच्चों को उल्टी या दस्त लगने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश ने कहा कि आगामी 28 जून को जिले में मानसून के दस्तक देने की संभावना है। हालांकि इस दौरान आकाश में बादलवाई भी बनी रहेगी। तापमान में भी इजाफा होगा। साथ में मौसम में उमस भी बढेग़ी। जिसके चलते गर्मी महसूस होगी। 27 जून तक अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच बना रहेगा। किसानों को बारिश का बेसब्री से इंतजार है।

जींद। धान फसल के लिए तैयार खेत।

धान रोपाई हो रही प्रभावित

कैथल। लंबे समय से बारिश न होने से मनुष्य सहित पशु-पक्षी भी उमस भरी गर्मी से परेशान है। मानसून के बेरूखी अब जनजीवन पर भारी पड़ने लगी है। उमस भरी गर्मी के बीच लोगों को दिन काटना पड़ रहा है। रविवार को बादल की आवाजाही के बीच दिन भर धूप व छांव का खेल चलता रहा। उमस भी गर्मी के चलते लोग दिनभर पसीने से तरबतर हो रहे हैं। पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं बुझ रही है। कूलर व पंखे भी लोगों को राहत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहा। लंबे समय से बारिश नहीं होने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। किसानों के अनुसार अभी पानी नहीं मिला तो काफी नुकसान हो जाएगा। पानी के अभाव में धान की रोपाई बाधित है। सुबह से ही कभी तेज धूप तो कभी आसमान में बादल छाने से छांव होती रही। छुट्टी का दिन होने के कारण लोग सडकों पर कम दिखाई दिए। उमस के कारण लोग घरों में परिवार के साथ रहे। शाम को पार्कों में लोग टहलते व मस्ती करते हुए दिखाई दिए। पेड़ों के नीचे थोड़ी राहत जरूर मिल रही थी, लेकिन उमस से लोग परेशान दिखे। गर्मी के कारण यात्रा करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को बस एक झमाझम बारिश का इंतजार है। किसान महावीर, बलबीर, सुरेश, गुरमीत ङ्घषसह का कहना है कि धान की रोपाई का कार्य जारी है। यदि बारिश हो जाए तो किसानों को इस बारिश का लाभ मिलेगा और धान रोपाई के कार्य में तेजी आएगी।

घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

जींद। उचाना थाना क्षेत्र में घर में घुस नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश करने तथा विरोध करने पर धमकी देने पर महिला थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अश् करने, दस पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उनका पड़ोसी साहिल उनके घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ अश् हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने उसकी बेटी को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। बचाव में शोर मचाए जाने पर आरोपित फरार हो गया। महिला थाना पुलिस ने साहिल के खिलाफ अश्, दस पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

कुमारी शैलजा से मिले उचाना हलके के युवा

उचाना। सिरसा लोकसभा से कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा से युवा कांग्रेस नेता नसीब पालवां की अगुवाई में युवा टीम मिली। कुमारी शैलजा से मिलने वालों में सोमबीर चहल, धोला ठेकेदार, मोहित नैन, विनोद बुडायन, मंजीत पालवां शामिल रहे। नसीब पालवां ने कहा कि सिरसा लोकसभा से मिली जीत हरियाणा में कांग्रेस की दूसरी बड़ी जीत है।

अलीपुरा में ठंडे पानी व तरबूज की लगाई छबील

उचाना। अलीपुरा गांव में बाबा ठीकरे वाला सेवा दल द्वारा मीठे पानी, जलजीरे की छबील लगाई गई। तरबूज भी राहीगरों, वाहन चालकों को बांटा गया। पानी पिलाने के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया। पानी के खाली गिलासों के लिए डस्टबिन लगाया गया ताकि उसमें पानी पीने के बाद डाला जा सकें। डिस्पोजल गिलास जगह-जगह न बिखरे।

गजे सिंह बने आरटीएस करर्मचारियों के प्रधान

जींद । नागरिक अस्पताल प्रांगण में रविवार को आरटीएस कर्मियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य कार्यकारिणी चुनना रहा। बैठक में गजे सिंह (गजराज) को प्रधान, बीरेंद्र श्योकंद उप प्रधान, सुभाष कंडेला महासचिव, कुर्बान, जोगेंद्र सलाहकार, नवीन को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया।

अखिल भारतीय जांगिड़ समाज की बैठक संपन्न

जुलाना । जुलाना कस्बे के विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान जोगिंद्र जांगड़ा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सुनील जांगड़ा को खंड प्रधान बनाया गया। सुनील जांगड़ा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है वो उस पर खरा उतरते हुए अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे और समाज के उत्थान के लिए कदम उठाएंगे। इस मौके पर जिला उप प्रधान प्रेम जांगड़ा, चंद्रभान, राजेश जांगड़ा, विजय, सुलतान, देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

उचाना। शहर के आर्य समाज परिसर में पर्यावरण बचाओ पौधे लगाओ मिशन के तहत पौधे लगाए गए। यहां पर योगाचार्य महेंद्र खापड़ की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। लगाए गए पौधों में समय-समय पर पानी डालने के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के लिए टीम बनाई गई। पूर्व मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन रामनिवास दनौदा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पौधरोपण से ही हम पर्यावरण को बचाने में योगदान दे सकते है। पर्यावरण दूषित हो रहा है जिसका सबसे बड़ा कारण पेड़-पौधों की संख्या कम होना है।

वर्ल्ड विवि चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों का चयन

उचाना। स्पेन में आगामी 25 से 30 जून 2024 तक होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी हैंडबॉल चैंपियनशिप में ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखा के प्रशिक्षण केंद्र के दो खिलाड़ी मंदीप, परमजीत का चयन भारतीय यूनिवर्सिटी टीम में हुआ है। ये दोनों राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी है। जिन्होंने पिछले दिनों गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में रजत पदक प्राप्त किया था।

रोज योग करने से दूर रहता है रोग : श्योकंद

उचाना। खेड़ी मसानिया गांव की व्यामशाला में चल रहे योग में ग्रामीणों, युवाओं को योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। आयुष योग सहायक सतीश कुमार योगाचार्य के द्वारा जीवन में योग में होने वाले लाभों के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कृष्ण कुमार श्योकंद आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा की। डॉ. श्योकंद ने कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर से रोग दूर रहता है। योग नियमित रूप से करना चाहिए।

सांसद जेपी पर बिफरी हरियाणा विकास संगठन की महिला सदस्य

महिलाओं से तुरंत माफी मांगे सांसद जेपी, हाईकमान को भेजेंगे शिकायत

हिसार के सांसद जेपी के महिलाओं को लेकर दिए ब्यान से खफा संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। सांसद जेपी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता।

मध्य-उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा महिला ईकाई ने हिसार के कांग्रेस सांसद जयप्रकाश उर्फ जेपी द्वारा की गई महिलाओं को लेकर टिप्पणी पर कड़ा रोष जताते हुए जेपी के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होने मांग की कि सांसद जयप्रकाश महिलाओं से मांफी मांगे। जिसकी शिकायत संगठन कांगे्रस पार्टी हाईकमान से कर कार्रवाई की मांग करेगा।

मध्य-उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा अध्यक्षा वृंदा शर्मा ने कहा कि सांसद जेपी महिलाओं के सम्मान को भूल गए हैं। जिस पार्टी से सांसद बने हैं, उस पार्टी की सर्वेसर्वा महिला सोनिया गांधी हैं। आज देश की राष्ट्रपति भी महिला है। जिन वोटों से जयप्रकाश सांसद बने हैं, उसमे मातृशक्ति का भी वोट है। पंचायती राज तथा शहरी निकाय में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। सांसद तथा विधान सभा में महिलाओं को 50 प्रतिशत सीटो कीं मांग की रही हैं। हिसार के सांसद जेपी महिलाओ की विरासत नही स्वीकारते हैं। उन्होंने कहा कि क्या रानी लक्ष्मीबाई महिला नही थी। 'योतिबा फूले, सरोजनी नायडू, महिला नही थी।

विश्व में अपनी ताकत का लोहा मनवाने वाली स्व. इंदिरा गांधी क्या महिला नही थी। खेला में देश तथा मां बाप का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी महिलाएं नही हैं। उन्होंने कहा कि हैरानी होती है ऐसे लोगों को सांसद चुन भेज दिया जाता है, जिन्हें महिलाओं की गरिमा तथा उनके सम्मान के बारे कुछ जानकारी नही है। बाबा भीम राव अंबेडकर ने महिलाओ को संवैधानिक अधिकार संविधान में दिए हैं। अगर सांसद जेपी को महिलाओं के सम्मान तथा अधिकारों की परवाह नही है तो उन्हें संसद में बैठने का कोई अधिकारी नही है। सांसद जेपी को तुरंत महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांगे्रस पार्टी हाईकमान का भी सांसद के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। अगर फिर भी सांसद जेपी ने अपनी टिप्पणी को वापस नही लिया तो उत्तर मध्य हरियाणा संगठन सड़कों पर उतरने का मजबूर होगा।

इस दौरान संगठन की महिलाओं ने कांगे्रस सासद जेपी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर नीलम, मोनिका, मुकेश, संतरो, शारदा, बुलबुल नायक, सुषमा शर्मा, स्वीटी, प्रीति समेत काफी सख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद थी।

राजनेताओं को भाषा पर संयम करना चाहिए : पूर्व सांसद

उचाना । कांग्रेस नेता एंव पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने रविवार को हलके के सेढ़ा माजरा, दरोली खेड़ा गांव के दौरे पर रहे। अब तक हलके के 10 से अधिक गांवों के दौरे वो कर चुके है। यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुए लोगों से रूबरू हुए। यहां पर लोगों की समस्याओं को भी सुना। निरंतर हलके में बृजेंद्र सिंह की सक्रियता से हलके में कांग्रेस को मजबूती मिल रही है। पत्रकार वार्ता में नायब सिंह सैनी द्वारा उनको भाजपा द्वारा सीएम बनाने पर कांग्रेस को हो रही तकलीफ के बयान पर पूर्व सांसद ने कहा कि तकलीफ तो आज के दिन भाजपा को हुई है, क्योंकि हरियाणा में कांग्रेस की संभावनाएं पांच से अधिक सीटें जीतने की थी लेकिन पांच भी आना भाजपा के लिए बहुत दुखदायक साबित हुआ है। उनको इस चीज का भली भांति आभास है कि जो आने वाला विधानसभा का चुनाव है वो उनके लिए सिर्फ बहुत बड़ी चुनौती ही नहीं बल्कि जो कांग्रेस की जीत है बड़ी जीत है वो भाजपा को सामने दिख रही है आज के दिन। भाजपा की बहुत बड़ी हार दिख रही है। इस वजह से इस तरह की बयान बाजी हो रही है। कांग्रेस को क्यों तकलीफ होगी। वो आए है कांग्रेस को पांच सीट आ गई। जब नायब सिंह सैनी सीएम बने थे तो मैंने तब भी कहा था उनको बली का बकारा बनाया गया है। ये बात तब भी कही थी और भी कह रहा हूँ। अभी लोकसभा गई है तीन महीने विधानसभा में इससे भी ज्यादा बुरा हाल होगा। हार का ठीकरा जिस आदमी पर फूटना चाहिए था उसी बजाए इनके ऊपर फूटेगा। कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के महिला राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं हो सकती के बयान पर बोलते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि विरासत उसकी होती है जो काबिल हो काबिल कोई भी हो सकता है। पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से बड़ी मिशाल क्या होगी जिस प्रकार से नेहरू गांधी परिवार की विरासत उन्होंने संभाली और इस देश को चलाया। कांग्रेस जयप्रकाश द्वारा चुनाव में भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए बृजेंद्र सिंह के समर्थकों द्वारा भाजपा की मदद करने के लगाए आरोपों पर बोलते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि नया-नया आदमी जब जीता हो ना तो वह बहुत ज्यादा उत्साह में होता है तो उस वक्त आदमी के मुंह से बातें निकल जाती है लेकिन फिर भी राजनीति में जो लोग है उनको भाषा पर संयम, नियंत्रण रखना चाहिए।

जींद। ग्रामीणों को डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी के जीवन से अवगत करवाते हुए जसमेर रजाना।

धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे डॉ. मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान के जिला संयोजक व सफीदों विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता जसमेर रजाना ने सफीदों खंड के गांव रामनगर में रविवार को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके जयंती मनाई। भाजपा वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना ने ग्रामीणों को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की थी। 23 वर्ष की अल्पायु में वह कोलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्त करने वाले वह सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरंतर आगे बढ़ती गई। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विभाजन के विरोधी थे। उन्होंने अपनी विशिष्ट रणनीति से बंगाल के विभाजन के मुस्लिम लीग के प्रयासों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। वर्ष 1942 में ब्रिटिश सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के छोटे-बड़े सभी नेताओं को जेल में डाल दिया। डा. मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वह विभाजन के कट्टर विरोधी थे। ब्रिटिश सरकार की भारत विभाजन की गुप्त योजना और षड़यंत्र को कांग्रेस के नेताओं ने अखंड भारत संबंधित अपने वादों को ताक पर रख कर स्वीकार कर लिया। रजाना ने बताया कि उस समय डा. मुखर्जी ने बंगाल और पंजाब के विभाजन की मांग उठा कर प्रस्तावित पाकिस्तान का विभाजन करवाया और आधा बंगाल, आधा पंजाब खंडित भारत के लिए बचा लिया और 23 जून 1953 को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की मिलेगी मुफ्त कोचिंग

- कॉलेज में 26 जून तक होंगे ऑनलाइन आवेदन : डॉ. दर्शना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

डॉ. दर्शना, प्रिंसिपल

उचाना क्षेत्र में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आज से करीब 26 साल पहले उचाना मंडी में स्वामी गणेशानंद महाराज द्वारा शुरू किए गए एसडी महिला कॉलेज में दाखिले लेने वाली छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए कोचिंग सेंटरों में जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर महाविद्यालय परिसर में इस बार छात्राओं को मुफ्त कोचिंग देने का फैसला संस्था द्वारा लिया गया ताकि पढ़ाई के साथ-साथ कोचिंग महाविद्यालय में छात्राएं कर सकें। ऐसे में छात्राओं की कोचिंग में जो खर्च होता है उसकी बचत अभिभावकों की होगी। छात्राओं के लिए ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर टेली सहित अन्य कोर्स भी महाविद्यालय में जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

प्रिंसिपल डॉ. दर्शना ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून है। स्वामी गणेशानंद गिरि जी महाराज द्वारा स्थापित एवं विद्या भारती द्वारा संचालित धार्मिक संस्थान दिन प्रतिदिन उन्नति के पथ पर अग्रसर है। यहां लड़कियों को संस्कार युक्त शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाता हैं। छात्राओं ने वर्ष 2022-23 में चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल, यूथ फेस्टिवल में भी महाविद्यालय की छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग लेती हैं। एडमिशन के लिए महाविद्यालय में ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बीए के लिए 240 एवं बीकॉम के लिए 80 सीटें निर्धारित की गई है। अब तक 200 के आस-पास आवेदन आ चुके है।

उचाना में सड़क पर भरने लगा गंदा पानी

उचाना। उचाना कलां गांव के बाईपास पर गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली से निकासी नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर आने लगा है।

राहगीरों के अलावा यहां स्थित मकानों में रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदे पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंध किए जाने की मांग लोग करते आए। रामनिवास, सुनील, सुरेश ने कहा कि गंदे पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर पानी भरने लगा है। सीवरेज में गंदा पानी जाता है। कई बार सीवरेज जाम होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। ऐसे में गंदा पानी मकानों के आगे, सड़क पर भर जाता है। राहगीरों, वाहन चालकों को भी परेशानी होती है।

रिजल्ट में गड़बड़ी से छात्रों का भरोसा टूटा

- लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में,सरकार मूकदर्शक बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आम आदमी पार्टी के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कौशिक।

आम आदमी पार्टी के कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कौशिक ने कहा कि देश में हुई सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल मेडिकल परीक्षा नीट में बड़े स्तर पर हुई धांधली ने लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ा है। लाखों बच्चों तथा अभिभावक इस वजह से अपने भविष्य को लेकर मानसिक तनाव से गुजर रहे है। जो 24 लाख बच्चों के लिए बहुत बड़ा सदमा है पहले ऐसा कभी नहीं सुना गया कि लाखों रुपये देकर के नीट परीक्षा को पास किया जा सकता है। या टॉप किया जा सकता है। भाजपा सरकार मे 70 बार पेपर लीक हो चुका है।

इतनी संख्या में बच्चों का ऑल इंडिया लेवल पर टॉप पर आना बहुत बड़ी धांधली और भ्रष्टाचार को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश में अघोषित एजुकेशन इमरजेंसी लग चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार में लोग पकड़े गए, जिन्होंने पेपर बेचा था। गुजरात, हरियाणा, झारखंड में भी यही हुआ है।

भाजपा को पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा घोटाले की सुप्रीम कोर्ट से गहन जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। भाजपा ने लाखों बच्चों का भविष्य अंधकार में बना दिया है। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव परिणाम के साथ नीट का परिणाम घोषित करना राजनीतिक मिलीभगत की तरफ इशारा करती है। उन्होंने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया है। अब आने वाले प्रदेश के विस चुनाव में भाजपा की प्रदेश सरकार को वोट की चोट से जनता चलता करने का कार्य करेगी।

देवर्षि नारद कल्याण के लिए रहे प्रयत्नशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सृष्टि के आदि पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रोहतक विभाग के प्रचार प्रमुख एडवोकेट सोमकुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रचार प्रमुख दिनेश कुमार, सह जिला प्रचार प्रमुख बाल किशन, नगर प्रचार प्रमुख एडवोकेट शमशेर सिंह ने संयुक्त रुप से की। देवर्षि नारज के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित कर कार्यक्त्रम का शुभारंभ किया गया। एडवोकेट सोमकुमार ने कहा कि देवर्षि नारद को ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार के तौर पर जाना जाता है। आदिकाल में वह एकमात्र ऐसे षि थे जो देवताओं, सुर, असुरों व राक्षषों में भी सम्मानीय व पूजनीय थे। उन्होंने हमेशा मानव जाति के कल्याण की बातों को एक लोक से दूसरे लोक में पहुंचाने का काम किया। एक समय था जब पत्रकारिता को मिशन माना जाता था। कहा जाता था कि जिसे कुछ नहीं चाहिए, वो पत्रकारिता में आए। पत्रकारिता जब तक मिशन रही, तब तक लोगों का विश्वास रहा। पत्रकारिता समाज का दर्पण है। पत्रकारिता सबसे पहला स्तंभ है, जब यह मजबूत होगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा।

राम-श्याम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना। राम-श्याम संकीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु।

लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला उचाना मंडी में 5वें राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया गया। शिवम गोयल, संजय चक्रवती, राहुल बंसल उकलाना द्वारा भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए गए। ज्योति प्रचंड प्रमुख समाज सेवी विकास मखंड ने की। कलाकारों द्वारा कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना, सबकी सुनने वाला बाला जी महाराज हमारा, मेहंदीपुर वाले बाला जी तेरी बात निराली है, राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊ गली-गली सहित अन्य भक्तिमय गीतों पर श्रद्धालु झूमे। विकास मखंड ने कहा कि श्रीराम परिवार युवा समिति उचाना द्वारा महीने की 22 तारीख को राम-श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जाता है जो सराहनीय है। इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। धर्म के प्रति लोगों की आस्था इस तरह के आयोजन से बढ़ती है। एक-दूसरे के सहयोग की भावना भी सामूहिक कार्यक्रमों से एक-दूसरे में पैदा होती है। इस मौके पर समाज सेवी वेदप्रकाश, डॉ. सुरेश गुप्ता, सज्जन चौधरी, सतपाल गोयल, बाबूराम बंसल, रीतिक गर्ग, लक्की, हैप्पी, रमेश गोयल, पंकज, तरूण, अंकित, सचिन, सुशील, तुषार मौजूद रहे।

इंडस स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कार्यक्रम 27 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

27 जून से 30 जून तक आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन इंडस पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में होगा। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था वर्तमान में 180 देशों में लोगों को सांस लेने की तकनीक, ध्यान और योग पर आधारित कई तनाव उन्मूलन और आत्म विकास कार्यक्रम चला रही है। प्रशिक्षक नरेश जागलान ने बताया कि इस कोर्स में सुदर्शन क्रिया, जीवन की रोजाना चुनौतियों का सामना करने का व्यवहारिक ज्ञान, संवादात्मक अभ्यास, योगासन और विश्रामदायक शारीरिक व्यायाम, ध्यान और प्रभावशाली श्वास प्रक्रियाएं सिखाई जाएंगी। संस्था की सचिव संगीता पटपटिया समिति के हैप्पीनेस प्रोग्राम करने से तनाव में कमी, अधिक आनंद और उत्साह, बेहतर कार्यकुशलता और उत्पादकता, अधिक आत्मसम्मान, स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर पारस्परिक कौशल, दृष्टि में स्पष्टता और निर्णय लेने की क्षमता, आंतरिक और बाहरी व्यक्तित्व का विकास होता है। जिला विकास समिति के सदस्य कपिल जैन ने बताया कि हैप्पीनेस प्रोग्राम योगिक श्वास तकनीकों की एक श्रृंखला में विशेषज्ञ प्रशिक्षण देता है जो आपके तनाव को कम कर सकता है।

जींद। पार्क में श्रमदान करते हुए सेव संस्था के सदस्य।

पर्यावरण का शुद्ध होना स्वास्थ्य के लिए जरूरी

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने रविवार सुबह अर्बन एस्टेट पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 384वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ -सफाई और पौधों की खुदाई करने के साथ-साथ आमजन को पर्यावरण शुद्ध रखने का संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण शुद्ध रखने में हर आदमी ने जिम्मेदारी समझनी चाहिए। शुद्ध पर्यावरण हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। शहर के सभी पार्क वहां के आस-पड़ोस के लोगों ने पार्क पॉलिसी के तहत गोद ले लेने चाहिए ताकि उनका ध्यान रख सकें। पर्यावरण के प्रति हर आदमी जगरूक होना चाहिए। इसलिए सभी को अपना फर्ज समझ कर स्वच्छता में अपना योगदान देना चाहिए। डस्टबीन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। इस मौके पर जगबीर देशवाल, धर्मपाल बूरा, अजमेर सिंह चौहान, बलवीर श्योकंद, रोहताश गुप्ता, मा. जोरा सिंह, सुजान सिंह पूनिया, हरबीर सिंह, ब्रह्मजीत देशवाल, सुल्तान सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

कठिन मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से मिलती है कामयाबी

एचसीएस अभिषेक, सोमबीर का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। सम्मान समारोह में अभिषेक खटकड़ को सम्मानित करते हुए।

ग्राम पंचायत खटकड़ तथा स्पोर्ट्स गुरप खटकड़ द्वारा गांव के दादा खेडा प्रांगण में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता खेड़ा खाप के प्रधान सतबीर पहलवान ने की। आर्य युवा सन्यासी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता स्वामी आदित्यवेश मुख्य वक्ता रहे। अभिषेक खटकड़ द्वारा एचसीएस की परीक्षा में टॉप करने एवं सोमवीर द्वारा पास करने पर उनका स्वागत किया। स्पोर्टस गुरप खटकड़, ग्राम पंचायत खटकड़, संयुक्त किसान मोर्चा उचाना, आर्य समाज सहित कई संस्थाओं एवं ग्राम पंचायत खटकड़ ने स्वागत किया। स्वामी आदित्यवेश ने कहा की कठिन मेहनत ओर लक्ष्य के प्रति सर्म्पण से ही कामयाबी मिलती है। इन दोनों युवाओं ने आलस और प्रमाद को त्याग कर घंटों मेहनत करके इस मुकाम को हासिल किया है। दोनों युवाओं की उपलब्धि प्रदेश के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। खेल और सेना के लिए प्रसिद्ध गांव खटकड़ प्रशासनिक सेवाओं के लिए भी जाना जायेगा। सतबीर पहलवान बरसोला ने कहा की इन युवाओं ने खटकड़ कुल का गौरव बढ़ाया है आगे भी ये अपने कार्योंर् के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के प्रति सर्म्पण से नई ऊंचाइयों को छूएंगे। आजाद पालवा ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा मे यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है। साधारण किसान परिवार मे पैदा होकर अपनी मेहनत से इस मुकाम को हासिल करना इनका अपने लक्ष्य के प्रति गंभीरता को दिखाता है। सरपंच सतबीर ने कहा की यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है की मेरे कार्यकाल मे गांव के किसी युवा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। शिक्षाविद रामफल खटकड़ ने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता को दिया। इस अवसर पर प्रो. दलबीर रेढू, लीला छापड़ा, सुखबीर खटकड़, कैप्टन जोगेंद्र खटकड़, राकेश खटकड़, राजेंद्र भाभर, भूपेंद्र गाहल्याण, संदीप धनखड़ी, अमीर मोहनगढ़, अशोक आर्य, सज्जन आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उठाएं लाभ : डीसी

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा किसानों को गाय, भैंस, भेड़, बकरी, सूकर, मुर्गी के रखरखाव के लिए तीन लाख रुपए तक का ऋण दिया जाता है ताकि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। छोटे किसानों को पशुपालन व अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय को बढ़ाने के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान अपने पशुओं की देखभाल के लिए होने वाले खर्च हेतु पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है। कोई भी पशुपालक एक लाख 60 हजार रुपए तक की राशि की लिमिट तक का पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड बिना कोई जमीन गिरवी रखे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सब्सिडी : डीसी

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की जा चुकी है। योजना का लक्ष्य लोगों के घरों का बिजली बिल कम करने के अलावा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना भी है ताकि भविष्य में अन्य स्त्रोतों के माध्यम से बनाई गई बिजली पर निर्भरता में कमी की जा सके। जिस परिवार की सालाना आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है, ऐसे परिवारों को 2 किलोवाट तक सौलर पैनल लगवाने पर 60 हजार रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा तथा 50 हजारतक की सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लगाए जाने वाले सोलर पैनल की उत्पादन क्षमता 300 यूनिट मासिक तक है।

अग्रवाल धर्मशाला चीका में रक्तदान कैंप 27 को

गुहला चीका। भारत विकास परिषद की चीका शाखा की ओर से 27 जून को अग्रवाल धर्मशाला चीका में एक विशाल रक्तदान कैंप लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए परिषद के प्रधान डाक्टर विनोद गुप्ता ने बताया कि यह कैंप भारत विकास परिषद के संस्थापक डाक्टर सूरज प्रकाश की जयन्ती पर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंप में सैकड़ों लोग रक्तदान करेंगे।

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद

शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने का लें संकल्प : शर्मा

भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन व शहीद सेवा दल ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

कारगिल विजय दिवस पर कमेटी चौक स्थित हरियाणा शहीदी स्मारक पर भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन व शहीद सेवा दल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार संदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

नायब तहसीलदार संदीप शर्मा ने कहा कि भारत में 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। युद्ध को 25 साल हो चुके हैं। कारगिल युद्ध, जिसे कारगिल संघर्ष के रूप में भी जाना जाता है, मई-जुलाई 1999 के बीच जम्मू और कश्मीर के कारगिल जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लड़ा गया था। यह दिन कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने और राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने के लिए हमारे बहादुर सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने का दिन है। कारगिल विजय दिवस भारत के उन अद्भुत पराक्रमियों की शौर्यगाथा को सामने लाता है, जो देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बने रहेंगे। देश की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देकर विजय का मार्ग प्रशस्त करने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर एशोसिएशन के प्रधान जगजीत सिंह ने कहा कि 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारत पाक एक दूसरे के सामने था और भारतीय वीर जवानों ने पाकिस्तान के कब्जे से करगिल की ऊंची चोटियों को आजाद कराया था। इस जंग में कई जवान शहीद हो गए लेकिन करगिल युद्ध में विजय भारत के नाम कर गए। भारत की गौरवपूर्ण जीत और भारतीय जवानों की शाहदत इतिहास के पन्नों पर हमेशा के लिए दर्ज हो गयी। इस मौके पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों, कर्मबीर फौजी, दीपक ने देशभक्ति गीत गाया।

तेलगांना ने झारखंड को 4 विकेट से हराया

- कौल में यूथ नेशनल सुपर सेवन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

ढांड। खिलाड़ियों का परिचय करते हुए वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल।

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल के खेल प्रांगण में तीन दिवसीय 20 वीं यूथ नेशनल सुपर सेवन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि एवं जिला परिषद कैथल के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने किया। हरियाणा सुपर सेवन क्रिकेट संघ के प्रधान विजय कुमार कौल ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले दिन 12 राज्यों कि अंडर-23 वर्ग की टीम के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच झारखंड व तेलगांना के बीच खेला गया। दोनों टीमों का परिचय प्रतियोगिता के मुख्यातिथि चेयरमैन कर्मबीर कौल ने लिया। उक्त मैच में तेलगांना ने झारखंड को 4 विकेट से हराया। इसी तरह दूसरे मैच में उतर प्रदेश ने हरियाणा को 2 अंकों के अंतर से पराजित किया। चेयरमैन कर्मबीर ने कहा कि हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आज के युग में खेल रोजगार के अवसर के रूप में उभर कर हमारे सामने आए हैं। इस मौके पर सुपर सेवन क्रिकेट संघ भारत के महासचिव श्रीकांत शर्मा, सचिव कुलदीप शर्मा, कंवर सिंह, अमित कुमार,रवि आदि मौजूद रहे।

घर से टूंटी चोरी में कबाड़ी सहित 2 काबू

कैथल। घर से टूंटी चुराने के मामले में थाना सीवन पुलिस द्वारा चोर तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कांगथली निवासी महिला मनप्रीत कौर की शिकायत अनुसार उसके सारा माईका परिवार विदेश में गया हुआ है। जो 20 जून को अज्ञात द्वारा मकान का ताला तोड़कर घर में तोड़फोड़ करते हुए पानी की टुंटीया चोरी हुई मिली। शिकायत अनुसार यह चोरी खरौदी निवासी जगतार द्वारा की गई। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के मुख्य सिपाही विजय कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव खरौदी निवासी जगतार को काबू कर लिया गया।

गुहला चीका। कबड्डी प्रतियोगिता का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए महिला थाना प्रभारी एसआई रेखा। *फोटो : हरिभूमि*

खिलाड़ियों को नशे के प्रति किया जागरूक

गुहला-चीका। नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को महिला थाना प्रभारी एसआई रेखा, थाना गुहला प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल , नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा गुहला मेला में आयोजित में कबड्डी प्रतियोगिता दौरान खिलाड़ियों व आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई की खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है।

डॉ. मुखर्जी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

गुहला-चीका। आज यहां भाजपा कार्यालय चीका में भाजपा इकाई की एक बैठक प्रधान लीला राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें भाजपा कार्यकताअरं ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती मनाई और उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। भाजपा कार्यकताअरं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रधान लीला राम ने कहा कि भारत के चहुमुखी विकास में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की काफी महत्व है। उन्होंने कि मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक भी थे। लीला राम ने कहा कि मुखर्जी को एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुआकार के रूप में भी माना जाता है। इस अवसर पर दर्जनों अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे।

गुहला चीका। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गुहला भाजपा प्रधान लीला राम व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

गुहला चीका। मेले में जल सेवा करने वाले सेवादारों को सम्मानित करते हुए पीर कमेटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मेले में सेवकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला मेले में आज मेले में सेवा करने वाले सेवकों को सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए बाबा चेतन शाह पीर कमेटी के सदस्य सूरजभान शर्मा ने बताया कि समापन समारोह मेला सम्पन्न होने के बाद रखा गया था ताकि सेवकों की हौसला बढ़ाई की जा सके। उन्होंने बताया कि मेले के पांचों दिन लंगर एवं जल सेवा की ड्यूटी निभाने वाले संजू खरौदी सेवादारों की टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जगदीश वोहरा, सीता राम, सुक्खा बिल्लू सैनी, विजय धीमान, रामपाल आदि भी मौजूद रहे।

ग्रामीण ट्यूबवेल जलकर्मी संघ सरकार के विरोध में उतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। बैठक में रोष जताते ग्रामीण ट्यूबवेल जलकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबल जलकर्मी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ जिला कैथल की एक बैठक हनुमान वाटिका कैथल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव बलविंदर फौजी ने की और मंच का संचालन प्रदेश महामंत्री संजीव बाता जी द्वारा किया गया। बैठक में प्रांत मंत्री भारतीय मजदूर संघ हवा सिंह तंवर, जिला मंत्री कैथल सुरेंद्र जांगड़ा, जिला मंत्री महेंद्रगढ़ भवर लाल, जिला मंत्री विजय, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक शर्मा मौजूद रहें। सभी साथियों में अपने-अपने विचार रखें और हरियाणा सरकार के प्रति साथियों में जो रोष है उसको उजागर किया जिसको देखते हुए जिला कार्यकारणी कैथल ने प्रदेश महामंत्री संजीव बाता और भारतीय मजदूर संघ से आए प्रांत मंत्री व ग्रामीण ट्यूबवेल जलक्रमी संघ के संगठन मंत्री हवा सिंह तंवर ने कहा कि जिला कैथल सरकार के साथ ईंट से ईंट बजने को तैयार है। आप प्रदेश स्तरीय आंदोलन की घोषणा करें जिसको देखते हुए प्रांत मंत्री हवा सिंह तंवर ने सभी साथियों को संगठन द्वारा किए गए संघर्षों को याद दिलाते हुए कहा कि संगठन न तो पहले कभी धरना प्रदर्शन करने से पीछे हटा है और न हीं भविष्य में कभी पीछे हटेगा। आप लोगों ने जो राय बनाई है प्रदेश कार्यकारिणी उसे पर फूल चढ़ाते हुए आज कैथल की पावन धरा से घोषणा करती है कि एक सप्ताह के अंदर संपूर्ण प्रदेश में मीटिंग करते हुए संगठन एक अनिश्चितकाल विरोध प्रदर्शन की घोषणा करेगा। इसमें सरकार के साथ आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

भूपेंद्र हुड्डा की कथनी और करनी में फर्क नहीं : ढूल

पूंडरी। पूंडरी हलके के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेहद करीबी सज्जन सिंह ढूल ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार शाहबाद हल्के के हर घर तक पहुंचाने की ठानी है, इसलिए उन्होंने डोर टू डोर जाने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कुछ गारंटियों को प्रदेश में लागू करने का निश्चय किया है, जिनमें गरीब आदमी को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट 3 कमरों के साथ, 6 हजार रुपए बुढ़ापा पैंशन आदि हैं।

साहित्यकार राजेश भारती को चंडीगढ़ में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साहित्य सभा कैथल से जुड़े, हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला के स्वामी विवेकानंद युवा साहित्य पुरस्कार से सम्मानित एवं ज़िले के गांव काकौत के निवासी राजेश भारती ने जस टीवी चण्डीगढ़ द्वारा आयोजित कवि-गोष्ठी में भाग लिया।जस टी.वी के स्टूडियो में आयोजित इस काव्य-गोष्ठी का संचालन जस टीवी की उर्मिल सखि ने किया था। इस कवि-गोष्ठी में राजेश भारती ने अपनी गजलें प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।उनकी एक गजल के दो शेर देखिये : मैंने सुना था वक़्त का मरहम, सब ज़ख्मों को भर देता है। और दूसरा शेर : पगड़ी जिसकी आन है साहब, झुकता नहीं वह सर देता है। कवि-गोष्ठी के बाद राजेश भारती को जस टीवी की उर्मिल सखि ने उपहार देकर सम्मानित किया। राजेश भारती की इस उपलब्धि पर गाँव काकौत और साहित्य सभा में प्रसन्नता का वातावरण बना हुआ है।

कैथल। राजेश भारती को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

अलग-अलग मामलों में 74 आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस द्वारा काबू किया गया आरोपी।

- एसपी उपासना के निर्देश पर कुल 58 टीमों का किया गठन, अपराधियों में मचा हड़कंप

अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 74 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 58 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 250 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 24 मामले दर्ज किए गए। इनमें आबकारी अधिनियम के 21 मामलों में 21 आरोपी काबू करके 172 बोतल देसी व 66.75 बोतल हथकढी शराब व 2565 लीटर लाहण बरामद किया गया है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा 3 उद्घघोषित आरोपियों को भी काबू किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा पुलिस द्वारा सट्टा खाईवाली के 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू करके 4250 रुपये सट्टा राशि बरामद की गई। इसी दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से 2 चोरीशुदा बाइक, एक चोरीशुदा एलइडी तथा सबमर्सिबल केबल भी बरामद की गई। इसके साथ साथ एक देशी कट्टे सहित एक आरोपी को काबू किया गया। इस मौके पर एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का नारा सेवा सुरक्षा सहयोग है जो पुलिस आमजन की जानमाल की सुरक्षा को बरकरार रखते हुए अलग अलग तरह के अभियान चला कर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को सार्थक कर रही है। एसपी ने आमजन से भी किसी भी प्रकार की आपराधिक सूचना व शरारती तत्व बारे सूचना देने बारे अपील की है। एसपी ने सख्त लहजे में कहा कि अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा और जिले में अपराध बिल्कुल भी पनपने नहीं दिया जाएगा।

कैथल। खिलाड़ियों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

कैथल। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 जून तक मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत पखवाडा के अंतर्गत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा आमजन व खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों बारे तथा नशे से बचने के लिए अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। एसपी उपासना के निदेर्शानुसार जिला पुलिस के थाना/चौकी व एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव नशा जागरूकता टीम द्वारा आमजन के साथ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाडा व अभियान के तहत नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी किया।

स्वयंसेवक राहुल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- एनएसएस का राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उच्च शिक्षा निदेशालय एनएसएस सेल हरियाणा द्वारा दस दिवसीय एनएसएस राज्य स्तरीय एडवेंचर शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के मनाली में किया गया। इसमें हरियाणा की सभी यूनिवर्सिटीज से 60 एनएसएस स्वयं सेवकों, 4 एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियो द्वारा भाग लिए गया। इसमें जाट कॉलेज कैथल से बीए प्रथम वर्ष के छात्र राहुल का चयन एनएसएस सेल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। यह शिविर 12 से 21 जून तक हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित हुआ। स्वयंसेवक राहुल ने बताया कि वहां पर रिवर क्रॉसिंग, स्किंग, नॉट प्रैक्टिस, माउंटरिंग ट्रैनिग, और कई प्रेरक व्याख्यान, माउंटरनिंग स्किल्स के बारे में अच्छे से सिखाया गया। जाट कॉलेज में राहुल के वापसी आने पर प्राचार्य डॉ दिनेश ढिल्लो, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो लाभ सिंह, पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ संदीप धालीवाल, एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी अजीत ढुल, प्रो. राजपाल आदि सभी स्टाफ अधिकारीगण ने राहुल को बधाई दी और विश्वविद्यालय एनएसएस सेल व राज्य एनएसएस सेल का आभार जताया।

भाकियू के जिला कैथल प्रभारी ने सरकार से की जांच की मांग

घग्गर नदी के साइफन सफाई में लाखों का घोटाला : लखविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

- मिट्टी घोटाले के मुद्दे पर पत्रकारों से चर्चा में लगाए आरोप

भारतीय किसान यूनियन के जिला कैथल प्रभारी लखविंद्र सिंह किन्द्र ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मांग की है कि घग्गर नदी के साइफनों की सफाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी को बेचने के घोटाले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। किसान नेता उक्त मिट्टी घोटाले के मुद्दे पर किसान भवन चीका में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह घोटाला छोटा नहीं है अलबत्ता इसमें सम्बन्धित ठेकेदार के साथ साथ अधिकारियों की भी मिलीभगत है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष करीब दस माह पहले बाढ़ आई थी, जिसमें किसानों के भारी जान व माल का नुकसान हुआ था परंतु प्रशासन ने इससे कोई सबक नहीं लिया और जब सबसे पहले टूटने वाले घग्गर नदी के सिहाली बांध को प्रशासन ने नहीं बांधा और बांध टूटा हुआ होने के कारण जब दोबारा बाढ़ आने की संभावनाएं बढ़ गई, तो किसानों ने अपने खर्चे पर स्वयं ही बांध को बनाने का काम किया। लखविंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन ने अब कहीं जाकर घग्गर नदी के टटियाना व सरोला स्थित बांध की सफाई का ठेका दिया है परंतु ठेकेदार ने मिट्टी ही बेचनी शुरू कर दी, जबकि सरकार द्वारा दिए गए टेंडर में स्पष्ट निर्देश हैं कि ठेकेदार मिट्टी नहीं बेचेगा और प्रशासन द्वारा घग्गर नदी के पास निर्धारित स्थल पर ही मिट्टी जमा करेगा ताकि यदि दोबारा बाढ़ की स्थिति पैदा हुई तो फटाफट मिट्टी के थैले भर कर बांधों पर रखे जा सकें और गुहला को बाढ़ से बचाया जा सके। लखविंद्र सिंह किन्द्र ने आरोप लगाया कि मिट्टी घोटाले पर पर्दा डालने के लिए प्रशासन ने पूरी स्क्रप्टि पहले से ही तैयार की हुई है और अब अधिकारी घोटाले से बचने का रास्ता निकालते हुए यह कह रहे हैं कि कुछ मिट्टी को गांव पीडल स्थित विश्रामगृह व गांव भूना में भिजवाया जा रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि पिछले वर्ष जब बाढ़ आई थी, तो प्रशासन को कहीं से भी मिट्टी नहीं मिली और जब उन्होंने गुहला बार्डर के साथ लगते पंजाब के गांवों से मिट्टी लेने का प्रयास किया गया तो वहां के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और मिट्टी देने से साफ इन्कार कर दिया नतीजतन प्रशासन ने टटियाना विश्रामगृह के खाली पड़े मैदान से व गांव भुन्ना की पंचायती भूमि में से मिट्टी उखड़वाई गई, जिसकी अब भरपाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने सही ढंग से जांच नहीं की तो भाकियू धरना व प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगी, जिसकी जिम्मेवारी पूरी तरह सरकार व प्रशासन की ही होगी

खबर संक्षेप

बीसी वर्ग ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जींद। पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधि मंडल ने पिछड़ा वर्ग की न्यायसंगत मांगों को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को सौंपा। जिला प्रभारी कम प्रधान सूरतसिंह सैन ने कहा कि पिछडा वर्ग की अनेक मांगें हैं, जो जायज हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचा दिया जाएगा।

सट्टा खाईवाल करता एक काबू, मामला दर्ज

जींद। शहर थाना सफीदों पुलिस ने आर्दश कालोनी सफीदों से सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 1150 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। आरोपी की पहचान कुलदीप के रूप में हुई।

सोए व्यक्ति पर हमला कर किया घायल, केस

जींद। जुलाना में कहासुनी के चलते सोए व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी अभिषेक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पड़ोसी मनजीत से कहासुनी हो गई थी। बीती रात वह गौशाला के बाहर सोया हुआ था। देर रात को मनजीत ने उस पर हमला कर दिया।

28वें महावीर अवार्ड के लिए आवेदन आमंत्रित

कैथल। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा 28वें महावीर अवार्ड के लिए चार क्षेत्रों क्रमशः अहिंसा व शाकाहार, शिक्षा, दवा व समुदाय और सामाजिक सेवा में आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। फाउंडेशन द्वारा उपरोक्त चार क्षेत्रों में पुरस्कार दिए जाने हैं।

तीन पिस्तौल व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

जींद। जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को काबू किया है। संबंधित थाना पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि ढाबे के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया।

चोरों ने लाखों की नकदी व अन्य सामान चुराया

कैथल। जिले में चोर दो अलग-अलग स्थानों से लाखों की नकदी व अन्य सामान चुराकर ले गए। पहले मामले में गुहला पुलिस को दी शिकायत में अजीमगढ़ के रामचंद्र ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 जून को चोर उसके मकान का ताला तोड़कर उसके संदूक में रखे 1 लाख 90 हजार की नगदी तथा सोने में चांदी के जेवराज चुरा कर ले गए।

मारपीट के अलग-अलग मामलों में दो घायल

कैथल। मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पहले मामले में सदर पुलिस को दी शिकायत में गुहना के नरेश कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 22 जून को देव, रंगा, सुनील, अनिल, अंग्रेज, बालू और सुबे ने मिलकर लाठी और गंडासी से हमला किया।

भैंस चोरी कर ले जाता एक युवक काबू

जींद। गांव कंडेला से भैंस चोरी कर ले जा रहे एक चोर को ग्रामीणों ने काबू कर लिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया। सदर थाना पुलिस पकडे.गए युवक समेत दो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
कंडेला निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

सुखमनी सेवा सोसायटी द्वारा सुखमनी साहिब का जाप किया गया

गुरु हरगोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर्व पर गुरमत समागम का आयोजन

गुरु हरगोबिंद की शिक्षाओं में धार्मिक और ईमानदार जीवन जीने के महत्व पर जोर : बलविंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में भाई जलविंदर सिंह का रागी जत्था गुरबाणी गायन करते हुए।

जींद। गुरूमत समागर में गुरूबाणी सुनते हुए श्रद्धालु।

मीरी पीरी के बादशाह छठी पातशाही गुरू हरगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व को शहर के सभी गुरुद्वारों में श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार प्रकाश पर्व को लेकर ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब एवं गुरुद्वारा सिंह सभा रेलवे जंक्शन तथा श्री गुरु सिंह सभा भारत सिनेमा रोड में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह साढ़े दस बजे से बारह बजे तक सुखमनी सेवा सोसायटी के सदस्यों द्वारा सुखमनी साहिब का जाप किया गया। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब के रागी भाई गुरदित्त सिंह व रिषिपाल सिंह, भाई जसवंत सिंह तथा संतोख सिंह के जत्थे द्वारा गुरबाणी के शब्द गायन किए गए। तदोपरांत गुरु का अटूट लंगर संगतों में बरताया गया।

गुरुघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने कहा कि इस प्रकाश पर्व की खुशी में ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में शाम को सात बजे से लेकर नौ बजे तक कीर्तन दरबार सजाया गया। जिसमें गुरुघर के रागी भाई जसबीर सिंह रमदासिया व भाई करमजीत सिंह के रागी जत्थे एवं दरबार साहिब अमृतसर से आए भाई जलविंदर सिंह के रागी जत्थे द्वारा गुरबाणी गायन किया गया। गुरुद्वारा साहिब के हैडग्रंथी एवं प्रसिद्ध कथा वाचक गुरविंदर सिंह रत्तक ने अपने प्रवचनों में बताया कि गुरु हरगोबिंद सिंह ने गुरु गद्दी संभालने के बाद दो तलवारें धारण की थी। इन तलवारों को मीरी-पीरी का नाम दिया गया। मीरी नामक तलवार भौतिक संसार पर विजय पाने यानि युद्ध का प्रतीक थी, वहीं पीरी नामक तलवार आध्यात्मिक ज्ञान पर विजय पाने यानि धर्म व संस्कृति की रक्षा करने की प्रतीक थी। इन दोनों तलवारों में से गुरू साहिब ने पीरी को श्रेष्ठ माना था।

ये रहे मौजूद

प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा मैनेजर प्रीतम सिंह, जत्थेदार गुरजिंदर सिंह, हैड ग्रंथी गुरविंदर सिंह रत्तक, मालिक सिंह चीमा, प्रधान जसबीर सिंह, कमलजीत कौर, आज्ञापाल सिंह, निर्मल सिंह, दलबीर सिंह सेठी, जोगेंद्र सिंह पाहवा, बिट्टू, दर्शन सिंह, हरबंस सिंह, सतनाम सिंह, कमल चुघ, किरपाल सिंह, परमजीत सेठी तथा राजकुमार उपस्थित रहे।

गुरु हरगोबिंद की शिक्षाओं में धार्मिक और ईमानदार जीवन जीने के महत्व पर जोर

गुरूघर प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि गुरु हरगोबिंद जी की शिक्षाओं में एक धार्मिक और ईमानदार जीवन जीने के महत्व पर जोर दिया गया। साथ ही समाज में सक्रिय रूप से योगदान देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया, भेदभाव की निंदा की और सिखों को निस्वार्थ सेवा और दान में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया। उनकी शिक्षाएं दुनियाभर में लाखों लोगों को ईमानदारी, करुणा और मानवता की सेवा का जीवन जीने के लिए प्रेरित करती रहती हैं।

कभी सिद्धांतों से समझौता नही किया

गुरूघर प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि गुरु हरगोबिंद जी के जीवन की सबसे उल्लेखनीय घटनाओं में से एक सम्राट जहांगीर द्वारा उन्हें ग्वालियर के किले में कैद करना था। कैद में रहने के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय उस अवसर का उपयोग साथी कैदियों तक अपनी शिक्षाओं को फैलाने के लिए किया। जिससे उनके दिलों में आशा और लचीलापन पैदा हुआ। गुरु हरगोबिंद जी के जीवन का एक और निर्णायक क्षण अमृतसर की लड़ाई थी। जहां उन्होंने सिखों को मुगल सेना के खिलाफ निर्णायक जीत दिलाई। इस जीत ने न केवल सिखों की सैन्य शक्ति को प्रदर्शित किया बल्कि उनके अटूट विश्वास और दृढ़ संकल्प के प्रमाण के रूप में भी काम किया।

जींद। चालान करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

पुलिस ने 64 वाहन चालकों के काटे चालान

- नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है लाइन चेंज अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस महानिरीक्षक यातायात एव हाइवे हरियाणा हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार व एसपी सुमित कुमार के नेतृत्व में रविवार को जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात को हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लाइन चेंज अभियान चलाया गया। इसके तहत लाइन चेंज के 64 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

यातायात थाना प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए सही दिशा में वाहन चलाने व भारी वाहनों के लिए लेन ड्राइविंग (बाई लेन) निर्धारित करने व बाई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कारवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लाइन चेंड के नियम को लेकर बताया कि फोर लाइन या नेशनल हाइवे पर बड़े वाहन व छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग लाइन निर्धारित की गई हैं। डिवाइडर के साथ लगती लाइन छोटे वाहनों के लिए होती है व उसके बाइंर् और की लाइन बड़े वाहन ट्रक इत्यादि के लिए निर्धारित की गई है। इसके लिए प्रत्येक हाइवे पर स्पीड लिमिट भी निर्धारित होती है।

यदि कोई ट्रक चालक दाहिनी लाइन जो डिवाइडर के साथ होती है पर अपना वाहन चलाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। पहली बार चालान कटने पर जुर्माना 500 रुपये व दूसरी बार चालान काटने पर 1500 रुपये जुर्माने का प्रावधान है।

राशन न देने का आरोप लगाया

- ग्रामीणों ने डिपो होल्डर पर अंगूठा लगवा कर राशन नही देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना। झमोला गांव में राशन नही मिलने पर रोष प्रकट करते ग्रामीण।

जुलाना क्षेत्र के झमोला गांव में ग्रामीणों ने डिपो होल्डर पर अंगूठा लगवा कर राशन नही देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने डिपो होल्डर के रवैये को लेकर रोष प्रकट किया है। झमोला गांव निवासी दिलबाग, सरोज, उषा, निशा, कविता, पिंकी ने कहा कि गांव में सोनू नाम का युवक डिपो होल्डर है जोकि उनके राशन के अंगूठे तो लगवा लेता है लेकिन राशन नही दे रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें तीन माह से राशन नही मिल रहा है। राशन नही मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट से होकर गुजरना पड़ रहा है। जब भी ग्रामीण डिपो पर जाते हैं तो उन्हें जवाब मिलता है कि अगले महिने आपको राशन दिया जाएगा या करेला गांव के डिपो से राशन ले आओ। जबकि करेला गांव के डिपो पर जाने के बाद उन्हें पता चलता है कि उनका राशन तो ले लिया गया है। डिपो होल्डर को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें राशन मुहैया करवाया जाए।

दहेज में कार मांगने का आरोप, केस

कैथल । कैथल में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला ने पति, सास, ससुर और नंनद पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है उम्मीद से ज्यादा दहेज देने के बाद सुसराल पक्ष के लोगों ने उसे परेशान किया। शहर थाना में दी गई शिकायत में जींद की एक कस्बा निवासी महिला ने बताया कि इस समय कैथल की एक कॉलोनी में रह रही है। उसकी शादी 10 नवंबर 2014 को टोहाना के एक मैरिज पैलेस में औंकार के साथ हुई थी । उस दिन उसके भाई राहुल उर्फ बिटटू की भी शादी हुई थी। उसके पिता की मृत्यु काफी साल पहले हो चुकी थी, इसलिए उसकी शादी माता ने की थी। शादी में माता ने लगभग छह लाख रुपये खर्च आरोपियों की मांग के अनुसार दहेज दिया था।

साक्षी गोपाल दास की कथा आज

- स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। इस्कान समिति के प्रधान दीपक अग्रवाल पत्रकारों से बातचीत करते हुए

इस्कान द्वारा कैथल शहर में आयोजित होने वाली 17वीं सप्त दिवसीय भागवत कथा को ले कर प्रेस कांफ्रेंर्स की गई। इस में समिति के प्रधान दीपक अग्रवाल ने 24 जून से 30 जून तक आयोजित हो रही कथा की तैयारी के विषय में बताया। गत-वर्षों की भांति इस वर्ष भी कथा का रसास्वादन साक्षी गोपाल दास के मुखारविंद से किया जाएगा। गर्मी की प्रचंडता को देखते हुए इस वर्ष कार्यक्रम का आयोजन हिंदू गर्ल्स स्कूल, अंबाला रोड, कैथल पर शाम 07:00 बजे से 10:00 बजे तक किया गया है। कथा के समापन पर हर भक्त के लिए भंडारा महा-प्रसाद की व्यवस्था समिति की तरफ से की जाएगी। प्रेस सचिव भारत मदान ने बताया कि कथा पंडाल की शोभा को बढ़ाने के लिए भगवान श्री राधा माधव जी का भव्य दरबार बहुत सुंदर रूप से लगाया जाएगा।

यह कार्यक्रम 2008 से लगातार चलता आ रहा है और इस बार भी बहुत दूर-दूर से तथा सभी वर्ग के भक्तों के द्वारा भगवान के कार्यक्रम को सुंदर रूप देने के लिए सेवाएं दी जा रही हैं। मेवात राज्य के मुस्लिम वर्ग से भी श्रीमद् भागवत कथा को सुंदर रूप देने के लिए सहयोग प्राप्त हुआ है।

जींद। प्रतियोगिता के लिए चयनित की गई टीम।

नौवीं राष्ट्रीय जूनियर (लड़कों) की रग्बी सेवन प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम घोषित

जींद। रॉयल स्पोर्ट्स अकादमी में चल रहे जूनियर लड़कों के कैंप से हरियाणा की जूनियर लड़कों की टीम की घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 से 26 जून तक वालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पुणे में आयोजित होनी है। जिला रग्बी एसोसिएशन के सचिव मुनीत बेरवाल ने बताया कि सात दिवसीय कैंप के समापन अवसर पर टीम की घोषणा की गई। इस अवसर पर जींद यूनिवर्सिटी के खेल निदेशक रेश देशवाल तथा जींद के एईओ कुलदीप अहलावत ने चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित की। हरियाणा रा'य रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव नरेंद्र मोर ने बताया कि टीम का चयन कैंप के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन, टीम भावना, खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन जैसे प्वायंट्स के आधार पर किया गया है। टीम के चयनित खिलाड़ियों में अभिमन्यु डागर, हैप्पी चरखी-दादरी, अंकुश, अंकित, लक्ष्य, रोहित, ललित हिसार, शिवम, अमन चौहान, आदित्य, जगदीप, सचिन पंचकूला से शामिल हैं।

कर्मियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

- 24 जून से शुरू हो रहे संसद सत्र में उठाई जाए कर्मियों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए रिटायर्ड कर्मचारी।

कांग्रेस पार्टी रिटायर्ड कर्मचारी प्रकोष्ठ सेल के तत्वावधान में रिटायर्ड कर्मचारियों की सभा पिंडारा तीर्थ पर सतपाल ब्रह्मचारी धर्मशाला में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता रा'य चेयरमैन महावीर मलिक ने की।

उनके साथ रा'य स्तरीय पदाधिकारी रितुराज, आजाद सिंह, राजसिंह हुड्डा, मेहर सिंह टाइगर, कांता देवी और मुन्नी देवी मौजूद रहे। सभा में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद रहे। प्रकोष्ठ की तरफ से सांसद को रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का ज्ञापन भी सौंपा गया और उनसे मांग की गई कि 24 जून से शुरू होने वाले संसद सत्र में इन मांगों को उठाया जाए।

रा'य चेयरमैन महावीर मलिक ने रिटायर्ड कर्मचारियों को आह्वान किया कि प्रकोष्ठ को मजबूत बनाओ और अधिक से अधिक सदस्यों को शामिल करके जनाधार बढाने का काम करें। इस मौके पर जिला प्रधान ओमसिंह खोखरी, महावीर दहिया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

कुश्ती प्रतियोगिता में महक रही जिले में अव्वल, नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। छात्रा महक को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा महक ने खेल विभाग द्वारा जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता में 40 किलो भार वर्ग में सभी विरोधियों को अखाड़े में पराजित करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कैथल में होने वाली रा'य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। विद्यालय प्राचार्य बलजीत गोयत ने बताया की विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा महक पहले भी कुश्ती प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करती रही है ।इनके पिता गंगा बिशन का खेल के प्रति लगाव और ज'बा देखते ही बनता है। वह हर प्रतियोगिता में काम छोड़कर बेटियों के साथ जाते हैं और बेटियों का हौसला बढ़ाने का काम करते हैं। बेटियां पढ़ भी रही है और खेलों में प्रदेश का नाम भी रोशन कर रही हैं।



कलायत। कलायत में श्याम प्रसाद मुखर्जी शहीदी दिवस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ता

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा : राणा

कलायत। कलायत स्थित कान्हा पट्टी चौपाल में रविवार को डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी शहीद दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव राणा ने की। इस अवसर पर मुखर्जी को नमन करते हुए उनके जीवन सफर को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इसमें कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव राणा, जयदीप राणा, रवींद्र धीमान, अजीत चहल, जसमेर सिंह, धर्मपाल धीमान, विनोद कुमार, बलजीत वाल्मीकि, नरसी गर्ग और अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए। राजीव राणा ने कहा कि जो संघर्ष देश हित में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया उसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान और त्याग को देश का हर नागरिक हमेशा याद रखेगा।

29 लाख की लागत से पार्क का किया जा रहा नवीनीकरण

पार्क की दीवार निर्माण के साथ उखड़नी शुरू

- निर्माण में अनियमितता तथा घटिया निर्माण सामग्री बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग होने के चलते उखड़ने लगी ठ ईंटें।

अर्बन एस्टेट ए ब्लाक ढाबा पार्क की चार दीवारी बनने के साथ उखड़नी शुरू हो गई है। पार्क के नवीनीकरण में बरती जा रही अनियमिता से ए ब्लॉक के लोगों में रोष है। लोगों को कहना है कि निर्माण सामग्री घटिया स्तर की है। निर्माण नियमों, शर्तोंर् के मापदंडों पर खरा नही उतर रहा है। पार्क के नवीन करण पर लगभग 29 लाख रुपये की राशि खर्च की जानी है। पार्क नवीनीकरण में धांधली बरतने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। लोगों को कहना है कि पार्क नवीनीकरण कार्य रामभरोसे चल रहा है। नप के किसी भी अधिकारी ने यहा नवीनीकरण कार्य का जायजा नही लिया है। पिछले एक सप्ताह से कार्य भी बद पडा हुआ है। ढाबा पार्क के नवीनीकरण का कार्य शुरू होने के साथ विवादों में आ गया था। घटिया इंर्ट चार दीवारी में लगाए जाने का लोगों ने विरोध किया था।

निमार्ण कार्य में अनिमियतता बरती जा रही

ईंटों के ठेकेदार को बदलना पड़ा। अब चार दीवार तैयार हुई तो वह उखड़नी शुरू हो गई। चार दीवारी में ईंटों पर बिना सीमेंट तथा बिना ग्राफ्टिंग के ईंटें लगाई गई हैं। जिसके चलते ईंटें नही अटक रही हैं। पार्क के गेट पिल्लर भी ऊंचे-नीचे बनाए गए हैं। दीवार पर लगाई गई ग्रिलो मे गैप दिया गया है। नवीनीकरण कार्य में फुटपाथ को भी रखा गया। जिस पर अभी तक कोई कार्य शुरू नही हुआ है। सड़क पर निर्माण सामग्री पडी हुई है। जिसके कारण लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। साथ निर्माण सामग्री भी खराब हो रही है। पार्क सुधार समिति के महासचिव संदीप मलिक ने बताया कि चार दिवारी निर्माण के साथ उखड़ने लगी है। निमार्ण कार्य में अनिमियतता बरती जा रही है। कोई अधिकारी साइट पर आकर कार्य का निरीक्षण नही कर रहा है। पहले शुरू में घटिया ईंटों का हटवाया गया था। अब पिछले एक सप्ताह से कार्य बंद है। नप अधिकारियों को यंहा के कार्य का जायजा लेना चाहिए। नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधी डा. राज सैनी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। पहले इंर्टे घटिया लगाई गई थी। उन्हें रोका गया था। अनियमितता की शिकायत मिलने पर कार्य को रूकवाया गया। विकास कार्योंर् में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही की जाएगी।